# अध्याय - 2 | मधु कांकरिया

**QUIZ PART-01**

1. **मधु कांकरिया का जन्म कब और कहाँ हुआ था?**
   A. 1955, दिल्ली
   B. 1957, कोलकाता
   C. 1960, मुंबई
   D. 1958, लखनऊ (B)

   ***व्याख्या :*** लेखिका मधु कांकरिया का जन्म 1957 में कोलकाता में हुआ था।

2. **लेखिका ने जब तारों से जगमगाता शहर देखा तो वह कौन-सा था?**
   A. दार्जिलिंग B. गंगटोक
   C. यूमथांग D. लाचुंग (B)

   ***व्याख्या :*** रात के दृश्य में झिलमिलाते तारे दरअसल गंगटोक शहर की रोशनी थी।

3. **'साना-साना हाथ जोड़ि' का अर्थ क्या है?**
   A. छोटे-छोटे हाथ जोड़कर प्रार्थना करना
   B. पहाड़ की ऊँचाई
   C. बर्फ के गोले
   D. नदी की लहरें (A)

   ***व्याख्या :*** नेपाली युवती द्वारा गाए गए गीत का अर्थ है – छोटे-छोटे हाथ जोड़कर प्रार्थना।

4. **हिमालय की तीसरी सबसे बड़ी चोटी कौन-सी है जिसका वर्णन लेखिका ने किया?**
   A. माउंट एवरेस्ट
   B. धौलागिरी
   C. कंचनजंघा
   D. नंदा देवी (C)

   ***व्याख्या :*** बालकनी से देखने की बात पर लेखिका ने हिमालय की तीसरी सबसे बड़ी चोटी 'कंचनजंघा' का उल्लेख किया।

5. **बौद्ध धर्म में मृत्यु के समय 108 श्वेत पताकाएँ क्यों फहराई जाती हैं?**
   A. शुभ अवसर का प्रतीक
   B. आत्मा की शांति के लिए
   C. नए काम की शुरुआत के लिए
   D. पर्व का प्रतीक (B)

   ***व्याख्या :*** बौद्ध परंपरा के अनुसार मृत्यु पर आत्मा की शांति के लिए 108 श्वेत पताकाएँ फहराई जाती हैं।

6. **'प्रेयर व्हील' (धर्म चक्र) को घुमाने से क्या माना जाता है?**
   A. आयु लंबी होती है
   B. रोग दूर होते हैं
   C. सारे पाप धुल जाते हैं
   D. शक्ति प्राप्त होती है (C)

   ***व्याख्या :*** लोकविश्वास है कि 'प्रेयर व्हील' घुमाने से सारे पाप मिट जाते हैं।

7. **लेखिका के गाइड का नाम क्या था?**
   A. मणि
   B. मिमु
   C. जेतन नागे
   D. नागेन्द्र (C)

   ***व्याख्या :*** यात्रा के दौरान लेखिका का मार्गदर्शन करने वाले गाइड का नाम जेतन नागे था।

8. **'कवी-लोंग स्टॉक' स्थान किस बात के लिए प्रसिद्ध है?**
   A. यहाँ गाइड फिल्म की शूटिंग हुई थी
   B. यहाँ सबसे ऊँची चोटी है
   C. यहाँ तीर्थ यात्रा होती है
   D. कवी-लोंग स्टॉक में प्रसिद्ध फिल्म 'गाइड' की शूटिंग हुई थी। (A)

   ***व्याख्या :*** कवी-लोंग स्टॉक में प्रसिद्ध फिल्म 'गाइड' की शूटिंग हुई थी।

9. **रास्ते में सैलानी किस गीत को गाते हुए झूमने लगे?**
   A. सुहाना सफर और ये मौसम हसीं
   B. चलो सजनी अब जंगल में
   C. ऐ मेरे दिल कहीं और चल
   D. हम हैं राही प्यार के (A)

   ***व्याख्या :*** सुंदर प्राकृतिक दृश्य देखकर सभी यात्री गाने लगे – "सुहाना सफर और ये मौसम हसीं..."।

10. **. लेखिका को पूरे भारत की आत्मा एक-सी कब लगी?**
    A. सीमा पर खड़े सैनिक देखकर
    B. मंदिर की आरती देखकर
    C. लोंग स्टॉक में घूमते 'प्रेयर व्हील' को देखकर
    D. स्कूल जाते बच्चों को देखकर (C)

    ***व्याख्या :*** 'प्रेयर व्हील' देखकर लेखिका को लगा कि भारत की आस्था और आत्मा हर जगह एक-सी है।

DESH KA APNA SCHOOL